शनिवार, 01 जून 2019

हिन्दुस्तान

सेक्टर-142 स्टेशन से बॉटनिकल गार्डन तक नए रूट पर मेट्रो चलाने की तैयारी, बोर्ड बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई

ग्रेनो की एक्वा लाइन दिल्ली मेट्रो से जुड़ेगी

सहूलियत

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुक्रवार को मेट्रो के दो और रूट को मंजूरी दे दी है। ग्रेनो की एक्वा लाइन के सेक्टर-142 स्टेशन को मेट्रो के जरिये बॉटनिकल गार्डन स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इससे यात्री सीधे दिल्ली पहुंच सकेंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो चलाई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया। अब दोनों रूटों की डीपीआर एनएमआरसी बनाएगी।

अभी एक्वा लाइन मेट्रो नोएडा के सेक्टर-51 तक जाती है। यह अभी नोएडा मेट्रो से जुड़ी भी नहीं है। साथ ही, सेक्टर-142 से यह मुड़ जाती है। अब नए रूट को मंजूरी मिलने के बाद एक्वा लाइन की कनेक्टिविटी सीधे दिल्ली से हो जाएगी।

इस रूट के बनने से घाटे में चल रही एक्वा लाइन को राहत मिलेगी। उम्मीद है कि इस रूट के बन जाने से यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होगा। पहले एनएमआरसी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेगी। डीपीआर शासन को भेजा जाएगी। पूर्व में भी इस रूट की डीपीआर नोएडा प्राधिकरण बनवा चुका है, लेकिन उस पर अमल नहीं को पाया है।

बोड़ाकी रेलवे स्टेशन जेवर एयरपोर्ट से जुड़ जाएगा : ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक और मेट्रो रूट की डीपीआर बनवाने का फैसला लिया है। ग्रेटर नोएडा के मेट्रो डिपो स्टेशन से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाई जाएगी। बोड़ाकी में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब प्रस्तावित है, इसलिए यह रूट बनाया जाएगा। इससे जेवर एयरपोर्ट भी जुड़ जाएगा।

करीब 3 किलोमीटर के इस ट्रैक पर दो स्टेशन बनाए जाएंगे। बोड़ाकी से ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो जुड़ते ही वह जेवर एयरपोर्ट की जद में भी आ जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने परी चौक से जेवर तक मेट्रो चलाने की तैयारी कर रहा है। इसकी डीपीआर बन चुकी है।

इस तरह बोड़ाकी ट्रांसपोर्ट हब जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट से भी जुड़ जाएगा। प्राधिकरण ने एनएमआरसी से इसकी डीपीआर बनवाने का फैसला लिया है। इसकी डीपीआर बनने के बाद शासन को भेजा जाएगा। शासन इसमें फंडिंग तय करेगा। प्राधिकरण के चेयरमैन एवं प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप चंद्र पाण्डेय ने यह जानकारी दी।

गुरुग्राम और फरीदाबाद जाने वालों को भी फायदाः इस रूट के बन जाने से दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद जाने वालों को फायदा मिलेगा। ग्रेटर नोएडा से आने वाले लोग नए रूट से बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से मजेंटा मेट्रो लेकर गुरुग्राम और फरीदाबाद जाने वाली मेट्रो ले सकेंगे। साथ ही, नोएडा के सेक्टर-18, 37, 15, 16 आदि सेक्टरों में जाने वालों को सहूलियत मिलेगी। इस रूट पर अनुमान से अधिक यात्री भी मिल सकते हैं।

यह रूट हो सकता है



11 किलोमीटर लंबाई होगी प्रस्तावित मेट्रो रूट की। तीन किलोमीटर का ट्रैक बनेगा बोड़ाकी मेट्रो के लिए

छह स्टेशन बन सकते हैं

सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक प्रस्तावित रूट पर छह मेट्रो स्टेशन बन सकते हैं। सेक्टर-125, 98, 108 और 91 के बाद सेक्टर-142 में मेट्रो स्टेशन बनाए जा सकते हैं।

समय की बचत होगी

ग्रेनो मेट्रो को उम्मीद के मुताबिक यात्री नहीं मिल रहे हैं। दिल्ली से सीधी कनेक्टीविटी न होना, इसकी बड़ी वजह है। इस मेट्रो से सफर करने वालों को नोएडा से ग्रेनो पहुंचने में करीब 50 मिनट लग जाता है। इसके चलते ग्रेनो प्राधिकरण ने मेट्रो का नया प्लान बनाया है। नई योजना में ग्रेनो सीधे दिल्ली से जुड़ जाएगा। तब ग्रेनो में बसावट भी बढ़ जाएगी और नोएडा-ग्रेनो मेट्रो का घाटा भी दूर हो जाएगा।

4260 करोड़ रुपये का बजट पास

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 4260 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया। बजट में एयरपोर्ट, मेट्रो और गांवों के विकास को प्राथमिकता पर रखा गया है। इस मद के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 114वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को प्राधिकरण के चेयरमैन व मुख्य सचिव अनूपचंद पांडेय की अध्यक्षता में हुई। इसमें लिए गए फैसलों के बारे में चेयरमैन पाण्डेय व सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि बजट में नोएडा एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़ रुपये तय किए गए हैं। प्राधिकरण अपनी हिस्सेदारी के रूप में यह रकम देगा। नोएडा-ग्रेनो मेट्रो के लिए 100 करोड़, गांवों के विकास के 200 करोड़, शहर के विकास कार्यों पर 431 करोड़ और रखरखाव के लिए 376 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उद्यान पर 20 करोड़ खर्च होंगी। चेयरमैन ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में ग्रेनो का बजट 3639 करोड़ था।